उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 30.09.2023

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना चरखारी पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार:-

श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा के निर्देशन में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने हेतु अवैध शस्त्रों की बिक्री एवं उनके निर्माण में प्रभावी रोकथाम व ऐसे अपराधों में लिप्त अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के अनुपालन में श्री सत्यम, अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी चरखारी के निकट पर्यवेक्षण में दिनांक 29.09.2023 को थानाध्यक्ष श्री गणेश कुमार द्वारा टीम का गठन किया गया। जिसमें उ0नि0 मधुरेश कुमार त्रिपाठी द्वारा 01 नफर अभियुक्त टिंकू बाबा पुत्र हर प्रसाद उम्र करीब 28 वर्ष निवासी अग्रसेन भोजनालय के पीछे प्राइवेट बस स्टैंड के पास महोबा थाना कोतवाली महोबा जनपद महोबा को सूपा चौराहे के पास से मय एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 199/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### बरामदगी-

एक अदद तमंचा/कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 मधुरेश कुमार त्रिपाठी

2. का0 चन्दन पांचाल थाना चरखारी जनपद महोबा

### गिरफ्तार अभियुक्त-

टिंकू बाबा पुत्र हर प्रसाद उम्र करीब 28 वर्ष निवासी अग्रसेन भोजनालय के पीछे प्राइवेट बस स्टैंड के पास महोबा थाना कोतवाली महोबा जनपद महोबा



## अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनपद में नियुक्त एवं उ0प्र0 पुलिस परिवार में अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले 02 पुलिसकर्मियों को पुष्पगुच्छ/मोमेन्टों प्रदान कर दी गई भावुक विदाई।

आज दिनांक 30.09.2023 को श्री सत्यम, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले 02 पुलिस कर्मियों की यादगार विदाई हेतु पुलिस लाइन अवस्थित सभाकक्ष में विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया, उ0प्र0 पुलिस सेवा से अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने पर अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्री सत्यम द्वारा उनके परिवारीजनों की उपस्थिति में उनको स्मृति चिन्ह/शॉल, उपहार व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया एवं पुलिस सेवा में रहते हुये उनके द्वारा किये गये सराहनीय सेवाओं को याद करते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य, सुखमय जीवन व उनके उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामनों के साथ भावुक विदाई दी गयी।

### सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों का विवरण...

1. उ0नि0 नागरिक पुलिस श्री अवैश अहमद
2. मुख्य आरक्षी सशस्त्र पुलिस श्री राजाराम

उक्त विदाई समारोह के अवसर पर श्री शिवकुमार, प्रतिसार निरीक्षक सहित सेवानिवृत्त हुये पुलिसकर्मियों के परिवारीजन मौजूद रहे।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 30.09.2023**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

उत्तर प्रदेश पुलिस

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना अजनर एवं थाना महोबकंठ का वार्षिक निरीक्षण किया गया, थाना अजनर में सैनिक सम्मेलन एवं थाना महोबकंठ में चौकीदारों से संवाद कर सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश।

आज दिनांक 30.09.2023 को श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा द्वारा थाना अजनर तथा थाना महोबकंठ का वार्षिक निरीक्षण किया गया, जिसके अन्तर्गत सम्बन्धित थानें में पहुँचकर सुसज्जित सलामी गार्द का मान-प्रणाम ग्रहण करते हुये गार्द का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण कर पीडित से फीडबैक लेने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। शस्त्रों की हैंडलिंग एवं उनके रखरखाव, भोजनालय में भोजन की गुणवत्ता व साफ-सफाई के स्तर का निरीक्षण किया गया, थाना परिसर में खडे हुये माल मुकदमाती वाहनों को बेहतर ढंग से रखे जाने व सम्बन्धित मुकदमा संख्या को वाहन में स्पष्ट रुप से अंकित किये जाने के निर्देश देते हुये परिसर में साफ-सफाई को और बेहतर किये जाने के निर्देश दिये गये।

वार्षिक निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कार्यालय में समस्त महत्वपूर्ण अभिलेखों यथा त्यौहार रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, फ्लाईशील इत्यादि का अवलोकन किया गया, जिसके क्रम में कानून व्यवस्था को प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाये रखने हेतु समस्त पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान विशेष सतर्कता बरतने के सम्बन्ध में सख्त निर्देश दिए गये तथा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत असामाजिक तत्वों पर पैनीनजर रखते हुये निगरानी करने व शिकायत प्राप्त होने पर कठोर कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

थाना अजनर में सैनिक सम्मेलन कर कर्मचारियों की समस्याओं को सुन उनको समस्त सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। थाना महोबकंठ मे ग्राम चौकिदारों से संवाद कर क्षेत्र मे अपराधिक गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखने व सूचनाएं साझा करने के दिए निर्देश।









इस अवसर पर सुश्री हर्षिता गंगवार-क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़, श्री शिवआसरे-प्रभारी निरीक्षक थाना अजनर, श्री यशवंत सिंह-प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ, श्री सन्तोष कुमार दुबे-वाचक पुलिस अधीक्षक, श्री राधेश्याम वर्मा-पीआरओ पुलिस अधीक्षक सहित थाना अजनर एवं थाना महोबकंठ में नियुक्त अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना अजनर तथा थाना महोबकंठ के समस्त विवेचकों का अर्दली रुम किया गया, विवेचना निस्तारण एवं प्रचलित अभियानों के सम्बन्ध दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश।

आज दिनांक 30.09.2023 श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा द्वारा थाना अजनर एवं थाना महोबकंठ के वार्षिक निरीक्षण के दौरान सुश्री हर्षिता गंगवार, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ की उपस्थिति में थाने के समस्त विवेचकों का अर्दली रूम किया गया।

अर्दली रुम के दौरान समस्त विवेचकों से लम्बित विवेचनाओं के संबंध में विस्तृत रुप से पूछताछ करते हुये लम्बित विवेचनाओं के कारण की समीक्षा की गई एवं अकारण विवेचनाओं को लम्बित रखने वाले विवेचकों को हिदायत देते हुए विवेचनाओं का समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सख्त निर्देश दिए गए। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा समस्त विवेचकों को निर्देशित किया गया कि जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं को लेकर आये उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना जाए एवं सभी की समस्याओं पर मौके पर पहुंचकरक उनकी समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना/कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।

इसके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनपद में चलाये जा रहे विभिन्न अभियान एवं वांछित/वारंटियों की गिरफ्तारी तथा प्रचलित विभिन्न अभियानों की समीक्षा की गई जिसके क्रम में निर्देशित किया कि रात्रि में चौराहे/तिराहे पर चेकिंग करके अपराधियों के संचरण पर रोक लगाने, अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों का भौतिक सत्यापन करने, अवैध शराब एवं अवैध शस्त्र रखने वालों व क्रय विक्रय करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने तथा महिला अपराधों में त्वरित गति से कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए।











## अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के दृष्टिगत जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारियों एवं पैरोकारों के साथ गोष्ठी कर अभियान को सफल बनाने हेतु की गयी समीक्षा बैठक, दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश:-

आज दिनांक 30.09.2023 को श्री सत्यम, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस लाइन अवस्थित सभागार, महोबा में पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 महोदय द्वारा निर्गत निर्देशों के क्रम मे जनपदीय पुलिस के समस्त क्षेत्राधिकारियों, थाना प्रभारियों, अभियोजन अधिकारी न्यायालय व कोर्ट मुहर्रिर/पैरोकारों सहित सम्बन्धित शाखा प्रभारियों के साथ गोष्ठी आयोजित कर अभियान को सफल बनाने हेतु समीक्षा की गयी ।

अपर पुलिस अधीक्षक महोबा ने निर्देशित किया कि उ0प्र0 शासन की अपराधियों पर जीरों टॉलरेन्स की नीति के अन्तर्गत महिला सम्बन्धी अपराध एवं पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अपराधों को चिन्हित करते हुये प्रचलित मुकदमों में प्रभावी पैरवी कर सजा कराने और न्यायिक कार्यो को समयबद्ध एवं विधि अनुसार सम्पन्न कराने सम्बन्धित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये ।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ सुश्री हर्षिता गंगवार, क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय व क्षेत्राधिकारी श्री आर0 के0 सिंह सहित जनपद के समस्त थानों के थाना प्रभारी मौजूद रहे ।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 30.09.2023

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु जनपदीय पुलिस बल द्वारा पैदल गश्त कर संदिग्ध व्यक्ति-वस्तु व वाहनों की, की गयी सघन चेकिंग, पैदल गस्त के दौरान आमजन व व्यापारियों से संवाद कर सुरक्षा का दिलाया गया भरोसा।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में आज दिनांक 30.09.2023 को जनपद में चाक-चौबन्द सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था तथा महिला सुरक्षा के दृष्टिगत जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष/ चौकी प्रभारी द्वारा मय पुलिस बल के साथ सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए सायंकालीन पैदल गश्त की जा रही है ।

पैदल गश्त के दौरान जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रमुख मार्गो, चौराहों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग की गई तथा अतिक्रमण करने वाले व्यापारियों, दुकानदारों एवं अव्यवस्थित तरीके से वाहन खड़ा करने वाले लोगों से वार्ता कर शासन की मंशानुरुप उन्हें व्यवस्थित तरीका अपनाने के लिए दिये गए आवश्यक दिशा निर्देश व आमजन को आश्वस्त कराया गया कि जनपद महोबा पुलिस शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है। संवेदनशील स्थानों में संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की सघन चेकिंग की गई साथ ही यातायात नियमों के उल्लंघन में वाहनों के ई-चालान किये गये।





उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति


दिनांक – 30.09.2023

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु जनपदीय पुलिस बल द्वारा पैदल गश्त कर संदिग्ध व्यक्ति-वस्तु व वाहनों की, की गयी सघन चेकिंग, पैदल गस्त के दौरान आमजन व व्यापारियों से संवाद कर सुरक्षा का दिलाया गया भरोसा।






पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में आज दिनांक 01.10.2023 को जनपद में चाक-चौबन्द सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था तथा महिला सुरक्षा के दृष्टिगत जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष/ चौकी प्रभारी द्वारा मय पुलिस बल के साथ सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए सायंकालीन पैदल गश्त की जा रही है ।

पैदल गश्त के दौरान जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रमुख मार्गो, चौराहों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग की गई तथा अतिक्रमण करने वाले व्यापारियों, दुकानदारों एवं अव्यवस्थित तरीके से वाहन खड़ा करने वाले लोगों से वार्ता कर शासन की मंशानुरुप उन्हें व्यवस्थित तरीका अपनाने के लिए दिये गए आवश्यक दिशा निर्देश व आमजन को आश्वस्त कराया गया कि जनपद महोबा पुलिस शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है। संवेदनशील स्थानों में संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की सघन चेकिंग की गई साथ ही यातायात नियमों के उल्लंघन में वाहनों के ई-चालान किये गये।

महोबा पुलिस